प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 01.07.2024

थाना लोनी पुलिस द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया तथा इसके साथी बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया, कब्जे से चोरी की 02 ई-रिक्शा बैटरी बरामद ।

दिनांक 01-07-2024 को थाना लोनी पर वादी द्वारा तहरीर दी गई कि मेरी ई-रिक्शा घर के बाहर दरवाजे पर खड़ी थी जिससे बैटरी चोरी हो गई है। जिसके संबंध में वादी की तहरीर पर थाना लोनी पर अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अनावरण हेतु टीम लगाई गई ।

तत्पश्चात आज दिनांक 02-07-2024 को थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त सागर पुत्र निशार उम्र 24 वर्ष निवासी इकराम नगर अबू वकर मस्जिद के पास थाना लोनी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया तथा इसके साथी बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया। इनके कब्जे से चोरी की 02 ई-रिक्शा बैटरी बरामद हुई। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

<u>पूछताछ का विवरण</u>

पूछताछ में अभियुक्त व बाल अपचारी ने बताया कि हम दोनों आपस में दोस्त है तथा अपने शौक पूरे करने के लिए मौका पाकर चोरी कर लेते हैं। हम दोनों ने अपने तीसरे साथी आतंग के साथ मिलकर मुस्तफाबाद से ई-रिक्शा से 02 बैटरी चोरी कर भाग गए थे । चोरी के माल को बेचने की फिराक में हम दोनों घूमने निकले थे कि चेकिंग में पकड़े गए।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता</u>

सागर पुत्र निशार उम्र 24 वर्ष निवासी इकराम नगर अबू वकर मस्जिद के पास थाना लोनी गाजियाबाद

<u>अपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग</u>

थाना लोनी पर उपरोक्त बैटरी चोरी के संबंध में 01 अभियोग पंजीकृत है तथा थाना ट्रोनिका सिटी पर बाल अपचारी के विरूद्ध पूर्व से चोरी के संबंध में 01 अभियोग पंजीकृत है।

<u>बरामदगी का विवरण</u>

चोरी की 02 ई-रिक्शा बैटरी बरामद

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम</u>

थाना लोनी पुलिस टीम